# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में खेत बचाओ अभियान की शुरुआत 3 जून 2026 को कहां से की गई थी?

(A) राजसमंद

(B) जोधपुर

(C) भरतपुर

**(D) अलवर**

राजस्थान में खेत बचाओ अभियान की शुरुआत:- 3 जून 2026 को की गई है

- स्थान:- ग्राम-बगड़ राजपूत, जिला अलवर
- इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य मिट्टी की सेहत सुधारना और खेती की लागत को कम करना है
- शुभारंभ:- केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने।
- केंद्र सरकार ने 1 जून से 30 जून,2026 तक खेत बचाओ अभियान की शुरुआत की है।
- राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव से की गई थी।

Yesterday Revision

01. टोंक के बीसलपुर बांध कमांड एरिया प्रदेश का पहला ऐसा क्षेत्र बनने जा रहा है, जहां कमांड एरिया आधुनिकीकरण के तहत 'समृद्धि' पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा।

02. प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में प्रदेश के 8 शहरों में 1,150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है।

03. अस्मिता खेलो इंडिया महिला साइकिलिंग सिटी लीग 2026' का आयोजन राजस्थान के 7 शहरों में किया जा रहा है।(जैसे भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, और जयपुर)

04. राज्यव्यापी 'ऑपरेशन स्माइल' के तहत राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम में ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और कल्याण संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला 2 जून को आयोजित की गई।

05. दौसा में आयोजित 7वीं राजस्थान स्टेट जूनियर अंडर-17 बॉयज एंड गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एकेजी बॉक्सिंग क्लब की मुक्केबाज महक सिंघल ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया

## 01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) भारत और अफगानिस्तान मैच में राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के राजस्थान के मानव सुथार ने भारत की टेस्ट टीम में डेब्यू किया

(B) 6 जून को भारत और अफगानिस्तान के बीच न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जा रहा है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- 6 जून को भारत और अफगानिस्तान के बीच न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जा रहा है।
- राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के इस मैच में राजस्थान के युवा हरफनमौला खिलाड़ी मानव सुथार ने भारत की टेस्ट टीम में डेब्यू किया।
- उल्लेखनीय है कि सुथार आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं
- बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने उन्हें पहली बार भारतीय स्क्वॉड में शामिल किया।
- साल 2022 में, मानव ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ अपने गृह राज्य राजस्थान के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था,

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) रूफ़टॉप सोलर (छतों पर सौर ऊर्जा पैलट) के क्रियान्वयन में राजस्थान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 6 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

(2) राजस्थान की ओर से डिस्काम चेयरमैन आरती डोगरा ने पुरस्कार ग्रहण किया।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं
(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : राजस्थान को 6 राष्ट्रीय पुरस्कार
रूफ़टॉप सोलर (छतों पर सौर ऊर्जा पैलट) के क्रियान्वयन में राजस्थान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 6 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं।
- नई दिल्ली में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा दिए गए इन पुरस्कारों को राजस्थान की ओर से डिस्कांम चेयरमैन आरती डोगरा ने ग्रहण किया।
- राजस्थान डिस्कॉम 4 पुरस्कार (सर्वाधिक आवेदन, सर्वाधिक इंस्टॉलेशन, निरीक्षण और वेंडर पंजीकरण के लिए।)
- जयपुर:- देश के टॉप 10 सर्वश्रेष्ठ जिलों की सूची में 7वां स्थान प्राप्त किया।
- मिलन सौर ऊर्जा केंद्र:-उत्तर भारत में सर्वाधिक इंस्टॉलेशन के लिए द्वितीय पुरस्कार (निजी वेंडर श्रेणी)।

## 03.जयपुर में आयोजित एक समारोह के दौरान किसे 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान' सम्मान से नवाजा गया?

(A) इमरान खान

(B) अमीन साबरी

(C) मामे खान

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- जयपुर में आयोजित एक समारोह के दौरान गायक अमीन साबरी को 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान' सम्मान से नवाजा गया
- महान संगीतकार उस्ताद बिस्मिल्लाह खान भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' (2001) से सम्मानित और शहनाई वादन के विश्व प्रसिद्ध प्रतिपादक थे।
- उनकी यादों और कला को सहेजने के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा युवा कलाकारों को 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' भी प्रदान किया जाता है

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) 5 जून को अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के तत्वावधान में 'एक पेड़-एक गोमाता' अभियान का शुभारंभ हुआ।

(2) गोशाला में गायों की संख्या के बराबर पौधे लगाकर उनके संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर टोंक रोड स्थित श्री पिंजरापोल गोशाला में अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के तत्वावधान में 'एक पेड़-एक गोमाता' अभियान का शुभारंभ हुआ।
- गोशाला में गायों की संख्या के बराबर पौधे लगाकर उनके संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।
- इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में गौशालाओं और उनके आसपास छायादार व फलदार वृक्ष लगाना है, जिससे पर्यावरण को लाभ मिलने के साथ-साथ गर्मियों में गायों को चिलचिलाती धूप से राहत मिल सके।
- मोनिका गुप्ता ने बताया कि 17 जून (महाराणा प्रताप जयंती) तक विभिन्न स्थानों पर यह जनजागरण अभियान जारी रहेगा

**05. वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान – 2026 में राजस्थान का कौनसा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है?**

(A) बीकानेर

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान – 2026 में जयपुर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर
- वर्ष 2026 में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का दूसरा संस्करण आयोजित किया गया है
- आयोजन – 25 मई (गंगा दशमी) से 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) 2026
- शुभारंभ – सीएम भजनलाल शर्मा द्वारा बीसलपुर बांध (टोंक) से

जयपुर, शुक्रवार, 05 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-106

1. **आयुष्मान** भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा' का पूर्ण रूप क्या है?
(A) आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट
(B) आयुष्मान भारत हेल्थ एसोसिएशन
(C) आयुष्मान भारत आरोग्य खाता
(D) एडवांस्ड भारत हेल्थ असिस्टेंस

2. **पीएम** स्वनिधि योजना की अवधि, इसके सकारात्मक प्रभाव और सफलता को देखते हुए कब तक के लिए बढ़ा दी गई है?
(A) मार्च 2027
(B) दिसंबर 2028
(C) मार्च 2030
(D) दिसंबर 2032

3. **राजस्थान** के कितने प्रशासनिक विभागों को 'राज-काज' के एकीकृत डिजिटल मंच से जोड़ा जा चुका है?
(A) 33
(B) 50
(C) 71
(D) 100

4. **राजस्थान** का वह कौन सा जिला है, जिसमें कृषि उपभोक्ताओं की संख्या सर्वाधिक (1.01 लाख) है, जिसे हाल ही में दिन में दो ब्लॉक विद्युत आपूर्ति से जोड़ा गया है?
(A) टोंक
(B) जयपुर
(C) चित्तौड़गढ़
(D) दौसा

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उपज' के तहत खैरथल-तिजारा जिले की उपज कौन सी है?
(A) गेहूं
(B) प्याज
(C) मोठ
(D) आंवला

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(A)प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में प्रदेश के 8 शहरों में 1,150 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाना है।

(B) 16 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना (PM-eBus Sewa) केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई

(A) कथन A और B सत्य हैं (B) केवल कथन A सत्य हैं

(C) केवल कथन B सत्य हैं. (D) कथन A और B असत्य हैं

Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine